# Directorate of Education
Govt. of NCT of Delhi

# Practice Test Material
## 2015-2016

## Subject : Economics
## Class : XII

*Under the guidance of :*

**Addl. DE (School/Exam)**

# कार्य प्रपत्र-1

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## राष्ट्रीय आय व संबंधित अवधारणाएँ

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

***एक अंक वाले प्रश्न ( 1x4=4)***

1. वैयक्तिक आय में शामिल नहीं होते है :
   - क. NFIA  ख. कॉरपोरेट कर
   - ग. वैयक्तिक कर  घ. चालू हस्तांतरण
2. एक लेखा वर्ष में परिवारों द्वारा सभी साधनों द्वारा अर्जित आय कहलाता है?
   - क. वैयक्तिक आय  ख. निजी आय
   - ग. वैयक्तिक प्रयोज्य आय  घ. निजी आय
3. निम्न में प्रवाह है :
   - क. पूँजी  ख. मूल्य ह्रास
   - ग. विदेशी ऋण  घ. माल सूची
4. व्यष्टि अर्थशास्त्र के दो उदाहरण दें।

***तीन अंक वाले प्रश्न ( 3x5=15)***

5. ''कारक आय व हस्तांतरण आय'' में अंतर स्पष्ट करें।
6. ''मूल्य वर्धित विधि' के तीन सावधानियाँ बतावें।
7. राष्ट्रीय आय कारक लागत पर तथा राष्ट्रीय प्रयोज्य आय बाजार कीमत पर प्राप्त होते है? क्यों?
8. सकल घरेलू उत्पाद को कल्याण का सूचक मानने की क्या-क्या सीमायें है?
9. कारण देते हुए निम्न को अंतिम वस्तु व मध्यवर्ती में विभाजित करें।
   - क. स्कूल द्वारा फर्नीचरों की खरीद
   - ख. स्कूल द्वारा चॉक व डस्टर की खरीद

***छः अंक वाले प्रश्न ( 1x6=6)***

10. राष्ट्रीय आय का आकलन में निम्न का किस प्रकार प्रयोग किया जाता है?
    - क. एक फर्म द्वारा वकील को दिया गया फीस
    - ख. मालिक द्वारा कर्मचारी को दिया गया आवास सुविधा
    - ग. विदेशी पर्यटकों द्वारा की गई खरीदारी

# कार्य प्रपत्र-2

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## राष्ट्रीय आय व संबंधित अवधारणाएँ

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

***एक अंक वाले प्रश्न ( 1x4=4)***

1. 'स्टॉक' के दो उदाहरण दें।
2. ''प्रचालन अधिशेष'' को परिभाषित करें।
3. ''पूँजीगत वस्तुएँ'' क्या होती है?
4. ''सामान्य निवासी'' किसे कहा जाता है?

***तीन अंक वाले प्रश्न ( 3x5=15)***

5. ''चक्रीय-प्रवाह'' की व्याख्या करें।
6. ''सकारात्मक बाह्यकारण'' को उदाहरण देते हुए वर्णन करें।
7. राष्ट्रीय आय आकलन के ''आय विधि'' के तीन सावधानियाँ बतावें।
8. 'LPG' पर नगद-हस्तांतरण पारिवारिक क्षेत्र की वार्षिक आय में वृद्धि करता है? क्या इससे घरेलू आय में भी वृद्धि होगी? वर्णन करें।
9. निम्न कथन में क्या सही व गलत है? कारण बतावें?
   - क. पूँजी निर्माण एक प्रवाह है।
   - ख. 'ब्रेड' हमेशा उपभोक्ता वस्तु होती है।

***छः अंक वाले प्रश्न ( 1x6=6)***

10. ''गैर मौद्रिक विनिमय'' क्या होती है? उदाहरण दें।
    सकल घरेलू उत्पाद को कल्याण का सूचक के रूप में इस्तेमाल करने पर इनका क्या प्रभाव पड़ता है।

## कार्य प्रपत्र-3

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## मुद्रा एवं बैंकिंग

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. मुद्रा से क्या तात्पर्य है?
2. सीमांत आवश्यकताओं से क्या अभिप्राय है?
3. आवश्यकताओं के दोहरे संयोग का क्या अर्थ है?
4. खुले बाजार की क्रियाएँ क्या है?
5. मुद्रा के 'लेखे की इकाई' कार्य को समझाइए।
6. मुद्रा के विनिमय के माध्यम कार्य को समझाइए।
7. नकद कोष अनुपात और वैधानिक तरलता अनुपात को परिभाषित करें। यह कैसे अधिक मुद्रा पूर्ति की स्थिति को नियंत्रित करने में प्रयोग किए जाते है।
8. व्यापारिक बैंक द्वारा कुल जमाओं की गणना करे यदि कोष अनुपात 10% है और प्राथमिक जमा रुपये 1250 है।
9. केन्दोय बैंक के किन्हीं दो कार्यो की व्याख्या कीजिए।
10. केन्द्रीय बैंक और वाणिज्यिक बैंकों के तीन अन्तर बताइए।

## **कार्य प्रपत्र-4**

## **कक्षा - बारहवीं**

## **विषय - अर्थशास्त्र**

## **मुद्रा एवं बैंकिंग**

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. वस्तु विनिमय क्या है?
2. विनिमय के माध्यम से क्या तात्पर्य है?
3. बैंकिंग क्या होती है?
4. मुद्रा पूर्ति के घटक बताइए।
5. वस्तु विनिमय प्रणाली की किसी एक समस्या बताइए। मुद्रा इस समस्या को कैसे हल करती है।
6. मुद्रा के मूल्य संचय कार्य का वर्णन करें।
7. केन्द्रीय बैंक के अंतिम ऋणदाता के कार्य की व्याख्या कीजिए।
8. करेन्सी प्राधिकरण के रूप में केन्द्रीय बैंक के कार्य समझाइए।
9. केन्द्रीय बैंक के सरकार के बैंकर के कार्य की व्याख्या कीजिए।
10. व्यापारिक बैंकों द्वारा मुद्रा निर्माण की प्रक्रिया को समझाइए।

# कार्य प्रपत्र-5

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## आय और रोजगार का सिद्धांत

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. रिक्त स्थान भरो -
   - क. विश्व में महामंदी ................ वर्ष में आई।
   - ख. मुद्रा, ब्याज और रोजगार के सिद्धान्त का प्रतिपादन ................ में किया।
   - ग. यदि (MPC और MPS) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति और सीमांत बचत प्रवृत्ति बराबर हो तो गुणांक का मूल्य होगा।
   - घ. आय के स्तर से स्वायत्त उपभोग का स्तर ................ कहलाता है।
2. समग्र मांग के निम्न अवयवों को स्पष्ट करें।
   - क. निवेश मांग
   - ख. वस्तुओं और सेवाओं के लिए सरकारी व्यय
3. निवेश गुणक का अर्थ स्पष्ट करिए। इसका न्यूनतम मूल्य क्या हो सकता है और क्यों?
4. क्या एक अर्थव्यवस्था अल्प रोजगार के संतुलन में हो सकती है। आकृति की सहायता से वर्णन करें।
5. अनुमानित और वास्तविक बचत/निवेश को समझाइए।
6. एक अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय में 400 करोड़ की वृद्धि होती है और सीमांत उपभोग प्रवृत्ति = 0.8 है कुल आय और बचत में वृद्धि की गणना करें।
7. बचत और निवेश वक्र की सहायता से आय के संतुलन स्तर की व्याख्या करिए। यदि योजनाबद्ध निवेश से बचत अधिक हो जाए तो उनके समान होने में क्या परिवर्तन होंगे।

# कार्य प्रपत्र-6

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## आय और रोजगार सिद्धांत

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. खाली स्थान भरो -
   - क. समग्र मांग का आकलन करते समय लोगों द्वारा किए गए व्यय (सार्वजनिक व्यय) (Ex Ante/Ex Post) से हमारा आशय ................ होता है।
   - ख. नई पूँजीगत परिसम्पत्तियों के प्रतिफल की अनुमानित दर ................ कहलाती है/होती है।
   - ग. लाभ कमाने के उद्देश्य से किया गया निवेश ................ कहलाता है और यह आय के स्तर से प्रयत्न रूप से प्रभावित होता है।
   - घ. अतिरिक्त आय और अतिरिक्त निवेश के बीच स्थापित संबंधित ................ कहलाता है।
2. पूर्ण रोजगार संतुलन तथा अल्प रोजगार संतुलन में अन्तर लिखिए।
3. अवस्फीतिक अन्तराल को आकृति की सहायता से समझाइए।
4. अतिरिक्त मांग को परिभाषित कीजिए। अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त मांग के प्रभावों की व्याख्या करिए।
5. केन्द्रीय बंक द्वारा अवस्फीति अन्तराल को कम करने के लिए अपनाए गए उपायों में से किन्हीं दो का वर्णन करिए।
6. राजकोषीय नीति को परिभाषित करिए। एक अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक व्यय में परिवर्तन मांग को कैसे प्रभावित करता है?
7. क. 'बचत' भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है परन्तु निवेश गुणांक की दृष्टि से यह अच्छा क्यों नहीं होता।
   - ख. जब योजनाबद्ध निवेश योजनाबद्ध बचत से कम होता है तो अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है। अर्थव्यवस्था में संतुलन बनाए रखने के लिए उठाए गए उपाय लिखिए?

## कार्य प्रपत्र-7

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## सरकारी बजट तथा अर्थव्यवस्था-1

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. प्रगतिशील कर किसे कहते हैं? 1
2. योजना व्यय की परिभाषा लिखो। 1
3. आर्थिक सहायता (Subsidies) को राजस्व व्यय में क्यों माना जाता है? 1
4. गैर कर राजस्व के दो स्त्रोत बताएँ। 1
5. निम्न को प्रत्यक्ष कर तथा अप्रत्यक्ष कर में वर्गीकृत करें। कारण बताएँ। 1
   क. पूँजी कर ख. VAT
6. घाटे का बजट संवर्धनकारी तथा कल्याणकारी होता है। समझाएँ। 3
7. बजट द्वारा संतुलित क्षेत्रीय विकास किस प्रकार सुनिश्चित किया जा सकता है? 3
8. अगर राजस्व घाटे का मूल्य रु. 16,000 करोड़ है और सरकार का कुल व्यय रु. 24,000 करोड़ है तो कुल प्राप्तियों का मूल्य ज्ञात करें। 3
9. कारण बताते हुए निम्नलिखित को राजस्व व्यय तथा पूंजीगत व्यय में वर्गीकृत करे - 3
   क. राज्य सरकारों को दी गई आर्थिक मदद
   ख. ऋण का पुनर्भुगतान
   ग. स्कूल इमारत की निर्माण पर व्यय
10. मुद्रास्फीति का दबाव जनता के लिए हानिकारक है। क्या सरकारी बजट मुद्रास्फीति की दर कम करने में सहायक हो सकता है? वर्णन करें। 3
11. पूँजीगत प्राप्तियाँ तथा राजस्थ्व प्राप्तियाँ में उदाहरण सहित अन्तर लिखें। 3

## कार्य प्रपत्र-8

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## सरकारी बजट तथा अर्थव्यवस्था-2

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. सरकारी बजट की राजस्व प्राप्तियों की परिभाषा लिखें। 1
2. बचत के बजट का एक ऋणात्मक प्रभाव लिखें। 1
3. ऐसे बजट का क्या नाम है जिसमें अनुमानित राजस्व अनुमानित व्यय से कम होता है? 1
4. राजस्व घाटे का सूत्र लिखें। 1
5. राजस्व घाटा अर्थव्यवस्था के लिए घातक होता है तथा वित्तीय अस्वस्थता दर्शाता है। वर्णन करें। 3
6. अगर सरकार की कुल प्राप्तियाँ (उधार रहित) रु. 24,000 करोड़ है और कुल व्यय रु. 30,000 करोड़ है, तो अर्थव्यवस्था का प्राथमिक घाटा ज्ञात करें। (ब्याज भुगतान = रु. 500 करोड़)। 3
7. आर्थिक मंदी जैसी प्रवृत्तियों का सबसे बुरा प्रभाव बेरोजगारी होता है। क्या सरकारी बजट ऐसी प्रवृत्तियों से बचाव कर सकता है। वर्णन करें। 3
8. क्या सार्वजनिक ऋण सरकार पर एक बोझ का आरोपण करता है? वर्णन करं। 3
9. राजस्व घाटा कम करने के लिए सरकार को क्या कदम उठाने चाहिए? 3
10. प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर अन्तर लिखें। दोनों के दो-दो उदाहरण दें। 3
11. निम्न को राजस्व प्राप्ति तथा पूंजीगत प्राप्ति में वर्गीकृत करें। कारण भी बताइए। 3
    - क. सार्वजनिक क्षेत्र के उपकम के शयर बेचकर प्राप्त प्राप्तियाँ
    - ख. सार्वजनिक ऋण
    - ग. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का लाभ

# कार्य प्रपत्र-9

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## विदेशी विनिमय दर तथा भुगतान शेष

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. विनिमय दर में रु. 140=2$ से रु. 60=1$ परिवर्तन, भारतीय मुद्रा रुपये (रु.) में क्या दर्शाता है? 1

   क. मूल्य वृद्धि ख. मूल्यह्रास

   ग. दोनों में से कोई नहीं घ. (क) तथा (ख) दोनों

2. विदेशी मुद्रा का पूर्ति वक्र: 1

   क. X-अक्ष के समानांतर एक क्षैतिज सीधी रेखा होता है।

   ख. Y-अक्ष के समानांतर एक ऊर्ध्वाधर सीधी रखा होता है।

   ग. ऊपर की ढलान होता है।

   घ. नीचे की ओर ढलान होता है।

3. स्वायत्त मदें कौन से खाते में दर्ज की जाती है? 1

   क. चालू खाते में ख. पूँजीगत खाते में

   ग. (क) तथा (ख) दोनों में घ. (क) तथा (ख) दोनों में नहीं

4. प्रबंधित तरणशीलता का अर्थ समझाइए। 1

5. घरेलू मुद्रा के अवमूल्यन तथा मूल्यह्रास में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

6. जब विदेशी मुद्रा की विनिमय दर बढ़ जाती है, तो इसकी माँग कम क्यों हो जाती है? व्याख्या कीजिए। 3

7. व्यापार शेष तथा भुगतान शेष में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

8. भुगतान संतुलन खाते के चालू खाते के घटक बताइए। 3

9. घरेलू मुद्रा के अधिमूल्यन का निर्यातों पर प्रभाव समझाइए। 3

10. भुगतान संतुलन में स्वायत्त मदें तथा समायोजित मदों के बीच अंतर समझाइए। इस संदर्भ में भुगतान संतुलन 'घाटा' की अवधारणा भी समझाइए। 6

# कार्य प्रपत्र-10

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## विदेशी विनिमय दर तथा भुगतान शेष

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. वस्तुओं तथा सेवाओं के आयात से विदेशी विनिमय की ........... बढ़ जाती है। 1

   क. पूर्ति ख. माँग

   ग. दोनों (क) तथा (ख) घ. दोनों में से कोई नहों

2. घरेलू मुद्रा में मूल्य ह्रास होने से निम्न में से किसमें वृद्धि हाती है? 1

   क. निर्यात ख. आयात

   ग. दोनों (क) और (ख) घ. दोनों (क) तथा (ख) में से कोई नहीं

3. भुगतान शेष एक............ अवधारणा है। 1

   क. स्टॉक ख. प्रवाह

   ग. दोनों में से काई एक घ. दोनों में से कोई नहीं

4. भुगतान शेष किसे कहते है। 1
5. भुगतान शेष के पूँजीगत खातें की मदों को बताए। 3
6. व्यापार शेष खाते तथा भुगतान शेष के चालू खाते में मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3
7. भुगतान शेष में 'घाटे' के अर्थ की व्याख्या कीजिए। 3
8. स्थिर विनिमय दर तथा नम्य (लोचशील) विनिमय दर में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3
9. विदेशी विनिमय के माँग वक्र का ढलान ऋणात्मक क्यों होता है? 3
10. विदेशी विनिमय की मांग तथा पूर्ति के मुख्य कारणों की व्याख्या कीजिए। 6

# कार्य प्रपत्र-11

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## प्रस्तावना, उपयोगिता तथा अनधिमान वक्र विश्लेषण

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. किस अवस्था में, उत्पादन संभावना सीमा एक सीधी रेखा हो सकती है? 1
   - क. जब रूपान्तरण की सीमांत दर घटती है
   - ख. जब रूपान्तरण की सीमांत दर स्थिर रहती है
   - ग. जब रूपान्तरण की सीमांत दर बढ़ती है
   - घ. उपरोक्त में से कोई नहीं
2. निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में उत्पादन संभावना वक्र में खिसकाव नहीं होगा? 1
   - क. तकनीक में उन्नति ख. नये तेल भंडारों की खोज
   - ग. भारी बेरोजगारी घ. संसाधनों की तबाही
3. यदि $\frac{MU_X}{P_X} > \frac{MU_Y}{P_Y}$ है, तो उपभोक्ता को संतुलन की स्थिति में पहुँचने के लिए क्या करना चाहिए? 1
   - क. दोनों वस्तुओं की खरीदारी बंद कर दे
   - ख. दोनों वस्तुओं को बराबर मात्रा में खरीदें
   - ग. वस्तु-X की अधिक मात्रा खरीदें तथा वस्तु-Y की कम मात्रा खरीदें
   - घ. वस्तु-Y की अधिक मात्रा खरीदें तथा वस्तु-X की कम मात्रा खरीदें
4. अर्थव्यवस्था की परिभाषा दीजिए। 1
5. बजट रेखा के समीकरण तथा बजट समूह के समीकरण में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3
6. जम्मू और कश्मीर में आई बाढ़ का उसकी उत्पादन संभावना सीमा (वक्र) पर क्या प्रभाव पड़ेगा? व्याख्या कीजिए। 1
7. कैसे उत्पादन किया जाए, अर्थव्यवस्था की एक केन्द्रीय समस्या है। हमारी सरकार उत्पादन की श्रम आधारित तकनीक के उपयोग पर बल दे रही है। क्या आप इससे सहमत है? 3
8. सीमांत उपयोगिता किसे कहते हैं? असमान सीमांत उपयोगिता के नियम को समझाइए। 3
9. एक वस्तु की दी गयी कीमत पर एक उपभोक्ता यह निर्णय कैसे लेता है कि वह उस वस्तु की कितनी मात्रा खरीदें? 3
10. उपभोक्ता संतुलन की परिभाषा दीजिए। अनधिमान वक्र विश्लेषण के अन्तर्गत इसकी शर्तों की व्याख्या कीजिए। 6

## कार्य प्रपत्र-12

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अथशास्त्र

## प्रस्तावना, उपयोगिता तथा अनधिमान वक्र विश्लेषण

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. उत्पादन संभावना सीमा (PPF) के बाहर एक बिंदु दर्शाता है - 1

   क. संसाधनों का पूर्ण प्रयोग ख. संसाधनों का अल्प-प्रयोग

   ग. अप्राप्य संयोग घ. उपरोक्त में से कोई नहीं

2. निम्न में से कौन-सा आर्थिक समस्या का कारण है - 1

   क. संसाधनों की दुर्लभता ख. असीमित आवश्यकतायें

   ग. वैकल्पिक उपयोग घ. उपरोक्त सभी

3. ह्रासमान सीमांत उपयोगिता के नियम के अनुसार प्रत्येक अगली इकाई के उपभोग से प्राप्त संतुष्टि - 1

   क. बढ़ती है ख. घटती है

   ग. समान रहती है घ. या तो बढ़ती है या घटती है

4. अनाधिमान वक्र के मूल बिंदु की ओर उन्नतोदर होने का कारण है : 1

   क. बढ़ती MRS

   ख. घटतो MRS

   ग. ह्रासमान सीमांत उपयोगिता का नियम

   घ. सम-सीमांत उपयोगिता का नियम

5. अवसर लागत क्या है? एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से समझाइए। 3
6. 'किसके लिए उत्पादन करे' की केन्द्रीय समस्या को समझाइए। 3
7. समझाइए कि 'उत्पादन संभावना सीमा' नतोदर क्यों होता है? 3
8. 'एकदिष्ट अनधिमान' क्या होता है। समझाइए कि दायीं ओर स्थित अनधिमान वक्र अधिक उपयोगिता क्यों दर्शाता है? 3
9. कुल उपयोगिता और सीमांत उपयोगिता के बीच संबंध समझाइए। 3
10. एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं का उपभोग करता है। उपयोगिता विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता संतुलन को समझाइए। 6

# कार्य प्रपत्र-13

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## मांग तथा मांग की लोच-1

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. मांग फलन की परिभाषा लिखो। 1
2. निम्न में से क्या मांग की लोच का कारक नहीं है - 1

   क. वस्तु की प्रकृति ख. प्रतिस्थापन वस्तुओं की उपलब्धता

   ग. आगतों की कीमत घ. आय का स्तर
3. सामान्य वस्तु से क्या अभिप्राय है? 1
4. मांग वक्र का किस मान्यता पर निर्माण किया जाता है, एक वाक्य में बताएँ। 1
5. एक वस्तु एक व्यक्ति के लिए सामान्य और दूसरे के लिये घटिया हो सकती है, क्या आप इससे सहमत हैं? 3
6. भारतीय बाजार सामान्यतः कीमतों के प्रति संवेदनशील है, यह किस प्रकार की मांग की लोच दर्शाता है? वर्णन करें। 3
7. प्रतिस्थापन वस्तुओं की संख्या वस्तु की मांग की लोच को किस प्रकार प्रभावित करती है? वर्णन करें। 3
8. निम्न परिवर्तनों का एक वस्तु के संदर्भ में किसी व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा? 3

   क. आय में वृद्धि

   ख. प्रतिस्थापन वस्तुओं की कीमत में कमी
9. वस्तु X तथा वस्तु Y में क्या संबंध होगा, अगर वस्तु X की कीमत में कमी से वस्तु Y की मांग में - 3

   क. वृद्धि होती है

   ख. कमी होती है। कारण बताइए।
10. मांग वक्र के बायीं ओर, और दायीं ओर खिसकने के तीन-तीन कारण बताएँ। 6

## कार्य प्रपत्र-14

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## मांग तथा मांग की लोच-2

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. किन्हीं दो वस्तुओं के नाम बताइये जिनकी मांग कम लोचदार है। 1
2. मांग की लोचदार क्या होगी जब - 1

| कीमत (रु.) | मांग (रु.) | कुल व्यय (रु. |
|---|---|---|
| 4 | 3 | 12 |
| 3 | 4 | 12 |

3. आय में वृद्धि के कारण मांग में परिवर्तन को मांग में ................ कहते हैं। 1
   क. वृद्धि ख. संकुचन
   ग. विस्तार घ. कमी
4. कोई ऐसे दो कारण बताइये जब उपभोक्ता अधिक कीमत पर भी अधिक मात्रा में वस्तु खरीदने को तैयार है। 1
5. मांग के नियम के संचलन के क्या कारण हैं? 3
6. दो वस्तुएँ X and Y की कीमत में समान प्रतिशत से वृद्धि होती है। कुल व्यय X वस्तु पर बढ़ जाता है और Y वस्तु पर कुल व्यय कम हो जाता है, इनकी (दोनों X and Y) मांग की लोच के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे? वर्णन करो। 3
7. नीचे की ओर ढालू, सीधो रेखा मांग वक्र बनाइए, और उस पर दर्शाइए कहाँ पर Ed=0, Ed=1 और ED=0 होगा। 3
8. मांग में वृद्धि तथा मांगी गई मात्रा में वृद्धि में अन्तर बताइए। 3
9. पेप्सोडेन्ट टूथपेस्ट सभी गृहस्थों को एक टूथपेस्ट का मुफ्त सैम्पल देता है। तो कोलगेट टोटल की मांग पर प्रभाव की चर्चा करें। 3
10. एक वैक्सीन जो घातक रोग से बचाती है, विशेषज्ञों की राय है इसका उपयोग में 5 गुना वृद्धि होगी अगर कीमत आधी कर देते हैं, मांग की लोच ज्ञात करें (वैक्सीन के लिए) 3
11. सरकार का उद्देश्य है कि जंकफूड का उपभोग कम हो पर केवल बाजार द्वारा, सरकार के पास क्या विकल्प उपलब्ध जिससे कि जंकफूड की बाजार मांग को प्रभावित किया जा सके। वर्णन करें। 3

**कार्य प्रपत्र-15**

**कक्षा - बारहवीं**

**विषय - अर्थशास्त्र**

**THEORY OF PRODUCTION**

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. ............ उत्पादन के साथ परिवर्तित होता है।

   क. स्थिर लागत ख. परिवर्ती लागत

   ग. मौद्रिक लागत घ. किराया

2. यदि उत्पादन की सभी इकाइयाँ समान कीमत पर बिकती हैं, तो औसत संप्राप्ति सीमान्त संप्राप्ति ............... होगी।

   क. के बराबर ख. से अधिक

   ग. से कम घ. कह नहीं सकते

3. यदि ह्रासमान प्रतिफल का नियम लागू है तो औसत लागत .............

   क. घटती है ख. बढ़ती है

   ग. स्थिर रहती है घ. धीरे-धीरे घटी है

4. बेची गयी इकाइयों को कीमत से गुणा करने से प्राप्त होता है ............

   क. औसत संप्राप्ति ख. कुल संप्राप्ति

   ग. सीमान्त संप्राप्ति घ. लाभ

5. निम्नलिखित को स्थिर तथा परिवर्ती लागत में वर्गीकृत करो -

   क. शेड का किराया ख. परिवहन लागत

   ग. टेलीफोन बिल में कॉल का भुगतान घ. न्यूनतम टेलीफोन बिल

   ङ मशीन का मूल्यह्रास च. निरीक्षक का वेतन

6. MR तथा AVC के बीच सम्बन्ध चित्र की सहायता से समझिए।

7. तालिका पूरी करो -

| Q | TC | TFC | TVC | AVC | AFC |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 100 | | | | |
| 1 | 150 | | | | |
| 2 | 300 | | | | |
| 3 | 600 | | | | |

8. यदि 4 इकाइयों का उत्पादन करने की औसत स्थिर लागत रु. 25 है और MC नीचे दी हुई है, तो आप AVC के आकार के बारे में क्या कह सकते हैं?

| Output | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| MC | 10 | 20 | 30 | 40 |

9. MR तथा AR के बीच सम्बन्ध की व्याख्या करें।

10. तालिका 1 तथा 2 दो फर्मों की उत्पादन तकनीक दर्शातो हैं। दो कारक हैं : कुशल श्रम तथा कुशल श्रम।

इनमें से कौनसी पैमाने के बढ़ते प्रतिफल दर्शाती है? कारण सहित बताइए।

| अकुशल श्रम | कुशल श्रम | उत्पादन 1 | उत्पादन 2 |
|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 2 | 6 |
| 10 | 5 | 3 | 7 |
| 12 | 6 | 8 | 8 |
| 14 | 7 | 10 | 9 |

# कार्य प्रपत्र-16

# कक्षा - बारहवीं

# विषय - अर्थशास्त्र

# THEORY OF PRODUCTION

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. MC किसका ढलान है?
   क. TC ख. AC
   ग. AVC घ. TFC
2. प्रछन्न बेरोजगारी उदाहरण है
   क. कारक के बढ़ते प्रतिफल ख. कारक के धनात्मक प्रतिफल
   ग. कारक क घटते प्रतिफल घ. ऋणात्मक प्रतिफल
3. न्यूनतम वेतन मान के बढ़ने से
   क. पूर्ति वक्र दाई ओर खिसकता है ख. पूर्ति वक्रबाईं ओर खिसकता है
   ग. पूर्ति में संकुचन घ. पूर्ति वक्र प्रभावित नहीं होता
4. पूर्ति वक्र का ढाल और पूर्ति की लोच
   क. समान होते है ख. सीधा संबंध होता है
   ग. विपरीत सम्बन्ध होता है घ. कोई सम्बन्ध नहीं होता
5. सिगरेट पर उत्पादन शुल्क हर वर्ष बढ़ा दिया जाता है। इस नीति का सिगरेट की पूर्ति पर क्या प्रभाव पड़ने की सम्भावना है? यह कार्य कौनसा मूल्य दर्शाता है?
6. एक नयी तकनीक स्टील की उत्पादन लागत घटा देती है। इससे स्टील के पूर्ति वक्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
7. कारण सहित उत्पादक का संतुलन ज्ञात करो।

| Price | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| Output | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| TC | 5 | 8 | 12 | 15 | 19 |

8. सही/गलत कारण सहित बताओ
   क. MP बढ़ता है तो TP भी बढ़ता है
   ख. जब AR स्थिर होता है तब MR शून्य होता है
   ग. जब MC गिरता है तो AC भी गिरता है
9. किसी वस्तु की कीमत रु. 5 से रु. 20 हो जाती है। इसके फलस्वरूप पूर्ति की मात्र 15 इकाई से बढ़ जाती है। फर्म की पूर्ति की कीमत लोच 0.5 है। प्रारंभिक तथा अंतिम उत्पादन ज्ञात करें।
10. परिवतों अनुपातों के मियां की तीनों अवस्थाएँ लिखिए। कौनसी अवस्था उत्पादक के लिए आदर्श अवस्था है? ह्रासमान प्रतिफल की अवस्था को स्थगित करने के लिए उत्पादक क्या कदम उठा सकता है?

# कार्य प्रपत्र-17

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## लागत व आगम

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

***एक अंक वाले पश्न ( 1x4=4)***

1. सीमांत लागत को परिभाषित करें।
2. किस लागत वक्र का आकार आयाताकार परवलय होता है?
3. स्थिर लागत के दो उदाहरण है।
4. अगर MC स्थिर हो तो TVC का व्यवहार कैसा होता है?

***तीन अंक वाले प्रश्न ( 3x5=15)***

5. उदाहरण देते हुए स्थिर लागत व परिवर्त्ति लागत में अंतर स्पष्ट करें।
6. AFC को परिभाषित करते हुए इसके व्यवहार को बतावें।
7. पूर्ण व अपूर्ण बाजार में AR व MR के व्यवहार को बतावें।
8. एक चित्र में TC, TFC व TVC को दर्शावें।
9. अल्पकालीन लागत वक्र U-आकार का क्यों होता है?

***छः अंक वाले प्रश्न ( 1x6=6)***

10. AFC व AVC में अंतर बतावें? AC व AVC वक्र एक-दूसरे को नहीं काटते हैं? चित्र की सहायता से कारण स्पष्ट करें।

## कार्य प्रपत्र-18

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## लागत व आगम

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

***एक अंक वाले प्रश्न ( 1x4=4)***

1. निम्न में से कौन सा वक्र U-आकार का होता है?

   क. AFC    ख. TC

   ग. ATC    घ. TVC

2. अगर कोई फर्म कीमत करके अधिक मात्रा को विक्रय कर सकता है तो ...........

   क. AR<MR    ख. MR<AR

   ग. AR=MR    घ. AC=AR

3. अर्थशास्त्र में लागत का क्या अभिप्राय है?

4. ''सीमांत आगम'' को परिभाषित करें।

***तीन अंक वाले प्रश्न ( 3x5=15)***

5. AR व MR के बीच संबंध को बतावे।

6. स्पष्ट व निहित आगतों में अंतर स्पष्ट करें।

7. AC, AVC व MC का एक साथ चित्र बनावें।

8. MR व TR के बीच संबंध बतावें।

9. अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र U-आकार का क्यों होता है?

***छः अंक वाले प्रश्न ( 1x6=6)***

10. TVC को परिभाषित करे? कारण सहित इसके व्यवहार का वर्णन करें।

# कार्य प्रपत्र-19

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## पूर्ति व उत्पादक संतुलन

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. एक वस्तु की कीमत रु. 30 से गिरकर रु. 20 हो जाती है? यह पूर्ति पर क्या प्रभाव डालेगा? 1
2. एक मोबाईल कंपनी के पास पूर्ति में वृद्धि का काफी समय है। इसकी पूर्ति की लोच कैसी होगी? 1
3. एक पर्ति वक्र यदि मूल बिंदु से गुजरता है तो होती $E_S$=1 होती है यह कितने अंश का कोण बनाएगा? 1

   क. $45^0$ ख. $75^0$

   ग. $65^0$ घ. उपरोक्त में से कोई भी
4. एक उत्पादक संतुलन पर क्यों पहुँचना चाहता है? 1
5. एक वस्तु की कीमत में कुछ कारणों से वृद्धि नहीं की जा सकती। क्या अन्य कारणों से पूर्ति में वृद्धि हो सकती है? व्याख्या करें। 3
6. 'मेक-इन-इंडिया' कार्यक्रम से टिकाऊ वस्तुओं की पूर्ति प्रभावित हो सकती है? कैसे?3
7. कच्च तेल का आयात किया जाता है तो इसकी पूर्ति लोच कैसी होगी और क्यों? 3
8. उत्पादक संतुलन स्तर पर क्या-क्या निर्धारित होता है? 3
9. अल्पकाल में, एक उत्पादक संतुलन में भी हानि अथवा असामान्य लाभ की स्थिति में हो सकता है? पक्ष या विपक्ष में तर्क दें। 3
10. यदि MR>MC, तो उत्पादक को लाभ हो रहा होगा। वह उत्पादन के संतुलन स्तर का निर्धारण कैसे करेगा?

## कार्य प्रपत्र-20

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## पूर्ति व उत्पादक संतुलन

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. असमय वर्षा व ओलावृष्टि से आलू की फल बर्बाद हो गई अत: पूर्ति वक्र पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? 1
2. पूर्ति व स्टॉक समान होते है - 1
   क. सभी वस्तुओं के लिए ख. जल्द खराब होने वाली वस्तु
   ग. तकनीकी वस्तु घ. उपरोक्त में से कोई नहीं
3. पूर्ति वक्र का ऊपर की ओर बढ़ना दर्शित करता है - 1
   क. घटते प्रतिफल ख. बढ़ते पतिफल
   ग. स्थिर प्रतिफल घ. उपरोक्त में से कोई नहीं
4. हमें यह कैसे ज्ञात होगा कि उत्पादक संतुलन में है? 3
5. महामंदी के दौरान पूंजीवादी देशों में रबड़, चाय आदि का उत्पादन सीमित कर दिया गया। यह पूर्ति वक्र से कैसे प्रभावित करेगा? चित्र का प्रयोग करें। 3
6. एक पूर्ति वक्र मूल बिंदु से गुजरता है तो उसकी विभिन्न बिंदुओं पर पूर्ति की लोच क्या होगी? और क्यों? 3
7. ''कृषि पदार्थो की पूर्ति बेलोचदार होती हैं क्यों? व्याख्या करें। 3
8. यदि आगतों की कीमतों में 25% की वृद्धि से पूर्ति में 20 प्रतिशत की कमी आती है तो कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा यदि पूर्ति की लोच 3 है? 3
9. पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म अधिकतम लाभ अल्पकाल में अर्जित करती है अथवा दीर्घकाल में तथा क्यों? 3
10. निम्नलिखित तालिका का अध्ययन करें व निम्न प्रश्नों का उत्तर दें -
    क. क्या फर्म A, B व C संतुलन में हैं? कैसे?
    ख. क्या सभी फर्मे लाभ कमा रही हैं? व्याख्या करें।

| उत्पादन को स्तर (इकाइयां) | फर्म A | | | फर्म B | | | फर्म C | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | MR | MC | AC | MR | MC | AC | MR | MC | AC |
| 5 | 7 | 7 | 6 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 7 | 7 | 9 | 8 | 7 | 9 | 10 |

## काय प्रपत्र-21

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## बाजार एवं कीमत निर्धारण-1

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. बाजार को परिभाषित कीजिए।
2. किस प्रकार के बाजार में मांग पूर्णतया लोचदार होती है।
3. उत्पादन शुल्क में वृद्धि बाजार कीमत एवं विनिमय मात्रा को कैसे प्रभावित करती है।
4. बाजार संतुलन से क्या तात्पर्य है?
5. पूर्ण प्रतियोगिता की समरूप विशेषता का परिणाम समझाइए।
6. कीमत विभेद किसे कहते है? एकाधिकारी द्वारा कीमत विभेद की शक्ति के प्रयोग के दो उदाहरण दीजिए।
7. एकाधिकारी प्रतियोगी फर्म का मांग वक्र बहुत लोचशील क्यों रहता है?
8. अल्पाधिकार में फर्मों की संख्या कम क्यों होती है? समझाइए।
9. ''किसी वस्तु की मांग और पूर्ति में परिवर्तन संतुलन कीमत को प्रभावित कर भी सकती है और नहीं भी'' व्याख्या करें।
10. प्रतिस्थापन वस्तुओं की कीमतों में कमी के वस्तु की संतुलन कीमत और मात्रा पर पड़ने वाले प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

# कार्य प्रपत्र-22

## कक्षा - बारहवीं

## विषय - अर्थशास्त्र

## बाजार एवं कीमत निर्धारण-2

**समय अवधि : 50 मिनट** **अंक : 25**

1. विक्रय लागत से क्या अभिप्राय है?
2. किस प्रकार के बाजार में फर्म स्थित स्वीकारक होती है?
3. बाजार काल क्या है?
4. किसी वस्तु की अतिरिक्त पूर्ति का अथ बताइए।
5. पूर्ण प्रतियोगिता की फर्मों के प्रवेश और निकास की स्वतन्त्रता की विशेषता समझाइए।
6. पूर्णतियोगी बाजार में फर्म दीर्घकाल में केवल सामान्य लाभ क्यों अर्जित करती है।
7. भारत में विभिन्न ब्रांड के फोन प्रतियोगिता कीमतों पर बेचे जा रहे है यह बाजार के लिए किस रूप का प्रतिनिधित्व कर रहे है।
8. एकाधिकारिक प्रतियोगिता की तीन विशेषता बताइए।
9. समझाइए कि अल्पाधिकार बाजार में फर्में कैसे परस्पर निर्भर रहती है?
10. किसी वस्तु की संतुलन कीमत का निर्धारण कैसे होता है? यदि बाजार कीमत संतुलन कीमत से अधिकध हो जाये तो क्या होगा?